दैनिक उत्तरांचल दीप
हर बार असरदार

अपना फ्रंट

●देहरादून ● मंगलवार ● 16 जनवरी 2018

Web : dainikuttaranchaldeep.com

Email : uttaranchaldeep@gmail.com

उत्तरायणी महोत्सव / पोंगल, लोहड़ी सरीखे त्योहारों की तर्ज पर विकसित करने की दरकार

उत्तरायणी पर्व को दिलानी होगी विशेष पहचान : रावत

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

अल्मोड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि आपदा के बाद राज्य विकट स्थिति में चला गया था, लेकिन आज हमने अपनी सांस्कृतिक रंगों से देश और दुनिया का अपनी संस्कृति को विश्व पटल पर पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि उत्तरायणी पर्व को पोंगल, लोहड़ी सरीखे त्योहारों के समान विशेष सांस्कृतिक पहचान दिलाने की आवश्यकता है। वहीं डिप्टी स्पीकर रघुनाथ सिंह चौहान ने इस पर्व को धार्मिक परंपरा का परिचायक बताया।

सोमवार को देर सायं रैमजे इंटर कालेज के प्रांगण में उत्तरायणी महोत्सव पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि हमें देश के कोने कोने तक अपनी सांस्कृतिक पहचान लोक गीत, व्यंजन और आभूषणों को पहुंचाने की आवश्यकता आन पड़ी है। उन्होंने कहा कि आज हमें ईऑर्डर पर ऐंपण की बुकिंग लगातार मिल रही है। इसलिए हमें आज अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने चाहिए। पोंगल और लोहड़ी पर्व की तरह हमें उत्तरायणी पर्व को नई पहचान दिलाने के लिए आगे बढ़ना चाहिए। वहीं डिप्टी स्पीकर रघुनाथ सिंह चौहान ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपरा के परिचायक है। इस मौके पर एसएसबी बैण्ड वादकों द्वारा कुमाउनी गीतों पर आधारित मन मोहक धुनों की शानदार प्रस्तुति भी दी गई।

मेले में घुघुतिया माला प्रतियोगिता, घुघुतिया गायन प्रतियोगिता, कुमाउनी भाषा में भाषण प्रतियोगिता, महिलाओं के लिये रस्साकसी, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता और कुमाउनी व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरिता आर्या, नेता प्रतिपक्ष करन माहरा, सज्जन लाल, प्रकाश चंद्र जोशी, पूर्व पालिकाध्यक्ष शोभा जोशी, केवल सती, प्रशांत भैसोड़ा, मनोज सनवाल, हेम तिवारी, राजेंद्र तिवारी, त्रिलोचन जोशी, गीतम भट्ट, राधा तिवारी, अशोक पांडे आदि लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि विधायक गोविंद सिंह कुंजवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज तिवारी ने भी शिरकत की।

उत्तरायणी पर्व पर मंचासीन पूर्व सीएम व अन्य वरिष्ठ नेतागण तथा एक मंच पर सभी नेतागण व आर्मी बैंड का प्रदर्शन

दल-बदल कानून पर कुंजवाल का निर्णय एक नजीर

अल्मोड़ा। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि जागेश्वर विधायक गोविंद सिंह कुंजवाल ने स्पीकर के कार्यकाल के दौरान संविधान में दल-बदल के कानून पर अपना अडिग निर्णय लेकर लोकतंत्र की रक्षा के लिए विभिन्न राज्यों की सरकारों के लिए एक नजीर पेश की है। वहीं न्यायाधीशों द्वारा लोकतंत्र खतरे में होने पर पूछे गए सवाल पर कहा कि सरकार को इस संबंध में आवश्य सोचना चाहिए।

स्वभाव से कांग्रेसी नेता लगते हैं डिप्टी स्पीकर चौहान

अल्मोड़ा। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कुछ मजाकिया अंदाज में चुटकी लेते हुए कहा कि डिप्टी स्पीकर रघुनाथ सिंह चौहान स्वभाव से कांग्रेसी नेता जैसे लगते हैं। वे खासतौर पर खुशमिजाज और शाकाहारी प्रवृत्ति के हैं। जरूर उत्तरायणी मेले के लिए कुछ घोषणाएं अवश्य करेंगे। वहीं इशारों-इशारों में पलायन आयोग पर सधे हुए अंदाज में बोले कि वह जमीनी स्तर पर कार्य करे न करे, लेकिन हमें आगे आने के लिए अपनी सांस्कृतिक पहचान करने वाली चीजों को अपनाना चाहिए।

अधिकारियों की कामचोरी पकड़ेगा डैशबोर्ड

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

देहरादून। प्रदेश में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया गया है। पूंजी निवेश को आकर्षित करने एवं इसे और कारगर बनाने के लिए एसएमएस अलर्ट भेजने की व्यवस्था की गई है। 4 दिन में विभागाध्यक्ष को और 14 दिन में संबंधित सचिव को एसएमएस अलर्ट जाएगा। इसके अलावा मॉनिटरिंग के लिए डैश बोर्ड भी बनाया जा रहा है। सिडकुल का डैशबोर्ड बन गया है। राज्य, जनपद और विभाग स्तर पर मॉनिटरिंग की अलग-अलग व्यवस्था की गई है। यह जानकारी मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह को सचिवालय में सोमवार को सिंगल विंडो सिस्टम के मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में दी गई। बताया गया कि अब आसानी से पता चल जाएगा कि कितने कैफ (कॉमन एप्लीकेशन फॉर्म) प्राप्त हुए। कितने का निस्तारण हुआ और कितने कैफ लंबित हैं। यह भी पता चलेगा कि किस विभाग या अधिकारी द्वारा तय समय सीमा में निस्तारण नहीं किया गया। बैठक में बताया गया कि 10 करोड़ रुपये तक के पूंजी निवेश के प्रस्तावों का क्लीयरेंस जिला स्तर पर गठित समिति में किया जाता है। 10 करोड़ से अधिक के प्रस्ताव राज्य स्तर पर गठित समिति में रखे जाते हैं। सभी तरह की क्लीयरेंस तय समय सीमा में होती है। 15 दिन में सैद्धांतिक सहमति और 30 से 60 दिन में संचालन की मंजूरी दी जाती है।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि भू-अभिलेखों को डिजिटल बनाने के कार्य में तेजी लाएं। रजिस्ट्री, दाखिल खारिज की प्रक्रिया भी ऑनलाइन करें। जमीन को लीज पर देने या लीज पर लेने के लिए भी जरूरी है कि भू-अभिलेख ऑनलाइन हों। बताया गया कि पोर्टल में ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि जमीन का पूरा विवरण ऑनलाइन होगा। इसे राजस्व, स्टाम्प रजिस्ट्रेशन और बैंक से भी जोड़ा जाएगा। बैठक में प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास मनीषा पंवार, एमडी सिडकुल सौजन्या, सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर, निदेशक स्किल डेवलपमेंट मिशन डा. पंकज कुमार पाण्डेय, अपर सचिव शहरी विकास विनोद कुमार सुमन, अपर सचिव आवास सुनिलश्री पांथरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

पारदर्शिता

- सीएस ने ली सिंगल विंडो सिस्टम के मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक
- भू-अभिलेखों को डिजिटल बनाने के कार्य में लाएं तेजी

उमा कंसल हत्यारे संतोष को उम्र कैद की सजा

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

नैनीताल। जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल कुमकुम रानी की अदालत ने हल्द्वानी के चर्चित उमा कंसल हत्याकांड के आरोपी संतोष आर्या को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियुक्त को दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

इसके अलावा नौकरानी पर जानलेवा हमला करने के जुर्म में सात साल की सजा सुनाई गई, दोनों सजाएं एक साथ चलेंगी। आरोपी वर्तमान में जेल में बंद था। सोमवार को उसे सजा सुनाते वक्त अदालत में पेश किया गया जहां से उसे पुनः जेल भेज दिया गया। अभियोजन पक्ष के शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार शर्मा के अनुसार दो सितम्बर 2016 को हल्द्वानी हीरानगर निवासी दवा व्यवसाई पंकज कंसल की पत्नी उमा कंसल की उन्हीं के नौकर संतोष कुमार आर्य निवासी बिहाल गांव नथुवाखान ने हत्या कर दी थी। घटना की रिपोर्ट उसी दिन हल्द्वानी थाने में पंकज कंसल ने दर्ज कराई जिसमें कहा गया कि दो सितम्बर 2016 को वह व उसका पुत्र अपने दुकान में चले गये थे। घर में पत्नी उमा घरेलू नौकर संतोष व नौकरानी रीना थी। प्रातः 10.30 बजे रीना ने पंकज को फोन पर बताया कि नौकर संतोष उस पर जानलेवा हमला कर रहा है इस सूचना पर पंकज कंसल घर पहुंचा जहां उसकी पत्नी लहूलुहान पड़ी थी। जबकि रीना बाथरूम में छुपी पड़ी थी। आरोपी घर की छत कूदकर भाग गया। इलाज के दौरान उमा कंसल ने दम तोड़ दिया। पुलिस की तहरीर के आधार पर संतोष के खिलाफ 302 व 307 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। चार सितम्बर को उसे बनभूलपुरा स्थित एक बारातघर से गिरफ्तार कर लिया गया।

मामले की सुनवाई के दौरान जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील शर्मा ने कोर्ट में 11 गवाह पेश कर मालकिन की हत्या करने और नौकरानी पर जानलेवा हमला करने के साक्ष्य प्रस्तुत किये। इसके अलावा वादी के मुकदमे की पैरवी के लिये मनीष जोशी को निजी अधिवक्ता मनोनीत किया गया था। जबकि बचाव पक्ष की ओर से वादमित्र गोपाल कपकोटी ने पैरवी की। उन्होंने आरोपी को मानसिक रोगी बताते हुये उसकी सजा माफ करने का अनुरोध किया। जिस पर अदालत ने सुशीला तिवारी अस्पताल के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. एससी गोदियाल से आरोपी का मानसिक परीक्षण कराया जिसमें आरोपी के मानसिक रोगी न होने की पुष्टि हुई। इन तथ्यों के आधार पर जिला सत्र न्यायाधीश ने संतोष आर्या को मालकिन की हत्या करने व नौकरानी पर जानलेवा हमला करने का दोषी ठहराते हुए सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

जिला कोर्ट समाचार

- हल्द्वानी हीरानगर निवासी दवा व्यवसाई पंकज कंसल की पत्नी की नौकर द्वारा की गई हत्या का मामला

शीघ्र न्याय की अवधारणा को साकार किया

नैनीताल। जिला एवं सत्र न्यायालय ने हत्या के इस बहुचर्चित मामले की सुनवाई एक साल के भीतर पूरी कर सस्ता व शीघ्र न्याय की अवधारणा को साकार किया है। जिला जज के समक्ष यह मुकदमा जनवरी 2017 में पेश हुआ था और जनवरी 2018 में अदालत ने सुनवाई पूरी कर मुकदमे का निर्णय कर दिया है। इस मामले की अदालत में खूब चर्चा रही।

नौकरानी को अधिक महत्व देने पर किया जुर्म

नैनीताल। मालकिन उमा कंसल द्वारा नौकरानी रीना को अधिक महत्व दिये जाने से क्षुब्ध होकर संतोष ने यह जुर्म किया था। सुनवाई के दौरान यह साबित हुआ कि संतोष, रीना की हत्या करना चाहता था किंतु मालकिन के बीच में आने से संतोष ने उनकी हत्या कर दी। इससे पूर्व वह रीना का कत्ल करना चाहता था।

8 तमंचों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

किच्छा। पुलभट्टा थाना पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को अवैध हथियारों के साथ दबोच लिया। पुलिस टीम ने आरोपियों के पास से 315 बोर के 8 अवैध तमंचे बरामद कर आरोपियों की कुंडली खंगालनी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार संगठित अपराधों एवं असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर रोक लगाने तथा उन पर नियामानुसार कार्रवाई करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ रिद्धिम अग्रवाल द्वारा गठित की गयी एसटीएफ कुमाऊं की टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की। पकड़े गये दोनों आरोपी उत्तराखंड में अवैध हथियारों की खेप पहुंचाने आये थे। कुमाऊं यूनिट की एसटीएफ टीम के निरीक्षक महेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक केपी टम्टा, आरक्षी गोविंद सिंह, आरक्षी किशोर कुमार, आरक्षी दुर्गा सिंह व का. बब्लू गोस्वामी की संयुक्त टीम ने उत्तराखंड उत्तर प्रदेश की सीमा पर सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुये दो आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस टीम ने पकड़े गये दोनों आरोपी वार्ड 9 मोहल्ला मस्तान थाना देवरनिया जिला बरेली यूपी निवासीगण वसीम अहमद पुत्र अब्दुल नहीम व अब्दुल नहीम पुत्र अमीर अहमद से तलाशी के दौरान 8 देसी तमंचे बरामद कर लिये। पुलभट्टा थाने में पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपियों का खुलासा करते हुये एएसपी देवेन्द्र पिंचा ने बताया कि लम्बे समय से उत्तराखंड में अवैध .हथियारों की तस्करी किये जाने की शिकायत पुलिस को मिल रही थी जिस पर कई दिनों से आरोपियों को पकड़ने के लिये पुलिस टीम द्वारा जाल बिछाया गया था और मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम को सफलता हासिल हुई। उन्होंने बताया कि पकड़े गये आरोपी अब्दुल नहीम के पुत्र नदीम पर उत्तर प्रदेश के लखीमपुर क्षेत्र में वन विभाग की टीम पर फायरिंग किये जाने का मामला भी दर्ज है तथा यूपी पुलिस से सम्पर्क कर आरोपियों की कुंडली खंगाली जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों द्वारा किस क्षेत्र से अवैध हथियारों की खरीद कर उत्तराखंड के किस-किस क्षेत्र व व्यक्ति को अवैध हथियार की सप्लाई की जाती थी इस मामले की जांच की जा रही है। इस दौरान उन्होंने एसटीएफ टीम का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी हिमांशु शाह, पुलभट्टा प्रभारी विद्या दत्त जोशी, एसआई चंद्रप्रकाश बवाड़ी आदि मौजूद थे।

पुलभट्टा थाने में बरामद हथियारों व आरोपियों के साथ पुलिस टीम

- अवैध हथियारों की खेप पहुंचाने आये थे

थलनदी गेंद मेला राजकीय मेला घोषितःयमकेश्वर। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सोमवार को यमकेश्वर ब्लाक के तहसील मुख्यालय में आयोजित गेंद मेला(गेंदी कौथिग)का विधिवत रूप से समापन किया। मुख्यमंत्री ने 3099.26 लाख रुपये की लागत से निर्मित लक्ष्मणझूला-रथुवाढाब-धुमाकोट मोटर मार्ग आदि योजनाओं का लोकार्पण तथा 364.30 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाली सैंज-चुबयानी-गुमाल गांव-बुधौली के 7 किमी मोटर मार्ग का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने थलनदी गेंद मेले को राजकीय मेला घोषित करने समेत आठ घोषणाएं की।

सेना दिवस/ मुख्यमंत्री ने किया परमार्थ निकेतन में कचरा संयोजन मशीन किल वेस्ट का शुभारम्भ

सेना दिवस बने स्वच्छता दिवस : स्वामी चिदानन्द

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

ऋषिकेश। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत आज परमार्थ निकेतन पधारे। मुख्यमंत्री ने परमार्थ योगा गार्डन में कचरा संयोजन (किल वेस्ट) मशीन का शुभारम्भ किया। भारत भूमि दिव्य भूमि है, भारत जीता-जागता राष्ट्र पुरुष है, परंतु दुर्भाग्यवश वर्तमान समय में भारत में जहां भी देखें वहां कचरे-कूड़े के ढेर लगे हुये है, कचरे के स्थायी रूप से प्रबंधन की नितांत आवश्कता है। कचरे के प्रबंधन में मानवीय लापरवाही प्रमुख समस्या है, परन्तु कचरे का प्रबंधन भी मानवीय सहभागिता से ही संभव है। परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष, ग्लोबल इंटरफेथ वाश एलायंस के संस्थापक एवं गंगा एक्शन के प्रणेता स्वामी चिदानन्द सरस्वती महाराज पर्यावरण के क्षेत्र में अद्भुत कार्य कर रहे हैं। उन्होंने प्रत्येक पर्व, कार्यक्रम एवं उत्सव को पर्यावरण संरक्षण से जोड़कर वैश्विक स्तर पर वैश्विक मंच से जागरूकता का संदेश प्रसारित किया है। इसी क्रम में स्वामी महाराज ने यमकेश्वर की विधायक ऋतु खंडूरी, नगर पंचायत की चेयरमैन शकुंतला राजपूत एवं सभी सभासदों से कचरा संयोजन मशीन के विषय में विस्तृत चर्चा की ताकि इसे प्रशासन द्वारा स्वर्गाश्रम एवं ऋषिकेश के विभिन्न स्थानों पर भी लगाया जाये। यह मशीन एक घंटे में लगभग 100 किलो कूड़े का निस्तारण करती है और अपशिष्ट के रूप में केवल चार किलो राख ही बचती है। इस राख का उपयोग फर्टिलाइजर के रूप में किया जा सकता है। यह एक सॉलिड वेस्ट (ठोस अपशिष्ट) डिस्पोजर है। जो ईंधन मुक्त एवं ईको फ्रेंडली है और कम लागत पर कार्य करती है। इसका डिजाइन इस प्रकार तैयार किया गया है कि यह नियंत्रित वायु आपूर्ति के माध्यम से नियंत्रित दहन प्रणाली पर कार्य करती हैं तथा कूड़े की मात्रा के अनुसार यह मशीन विभिन्न आकारों में निर्मित की जाती है। यह सूखा और गीला दोनो कचरों को जला सकती है और इससे थोड़ा सा ही धुंआ निकलता है, जिसके विषैले तत्व सोडियम हाइड्रोऑक्साइड के प्रभाव से नष्ट हो जाते है।

- एक घंटे में लगभग 100 किलो कूड़े का करती है निस्तारण

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'किल वेस्ट कचरे को जलाकर फर्टिलाइजर में परिवर्तित करने का सबसे बेहतर तरीका है। इससे कचरे की मात्रा कम होगी और पर्यावरण भी स्वच्छ होगा। कचरे का प्रबंधन भारत के लिये एक बड़ी समस्या है, किल वेस्ट मशीन में इस समस्या का समाधान निहित है।' भारतीय सेना दिवस पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती एवं मुख्यमंत्री ने भारत के बहादुर सैनिकों की शहादत पर दो मिनट का मौन रखा। लोगों की सलामती के लिये अपना सर्वोच्च न्यौछावर करने वाले अपने प्राणों का बलिदान करने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वामी ने कहा कि सेना के जवान देश की शान है, देश का मान और आन है। हमारे सैनिक हर चुनौतियों का डटकर सामना करते है। हमारे सैनिक हमारे राष्ट्र का गौरव है। सैनिकों के बलिदान, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के लिये हम सभी को गर्व है। स्वामी महाराज ने कहा कि सेना दिवस बने स्वच्छता दिवस, सेवा दिवस। किल वेस्ट मशीन के उद्घाटन अवसर पर किल वेस्ट मशीन को डिजाइन करने वाले लक्ष्मण शास्त्री, ईको टास्क फोर्स देहरादून के कंमाडिंग आफिसर के कर्नल हरिराज सिंह राणा, ईको टास्क फोर्स के अधिकारीगण, सेना के अधिकारीगण, सैनिक बटालियन, गंगा एक्शन परिवार, परमार्थ निकेतन के सभी सदस्यगण एवं अनेक देशी-विदेशी सैलानी उपस्थित थे।

सेल्फी के चक्कर में तमन्ना की दर्दनाक मौत

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

नैनीताल। पति के साथ नैनीताल घूमने आयी नवविवाहिता सड़क किनारे सेल्फी लेते वक्त पहाड़ से तीन सौ फीट नीचे जा गिरी। गंभीर हालत में बीडी पांडे अस्पताल लायी गयी नवविवाहिता ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पत्नी की मौत के बाद पति सद्दाम का रो-रो कर बुरा हाल था। बीडी पांडे अस्पताल में उपचार के दौरान तमन्ना की मौत की जैसे ही चिकित्सकों ने पुष्टि की सद्दाम अपनी सुधबुध खो बैठा और दहाड़े मार कर रोने लगा। इस दौरान स्थानीय लोग उसे सांत्वना देते रहे। मिली जानकारी के अनुसार मकान नम्बर 512, जलबोर्ड, मंडोली गांव, नार्थ ईस्ट दिल्ली निवासी सद्दाम और तमन्ना (25) का बीते नवम्बर माह में विवाह हुआ था। विवाह के पश्चात वह पहली बार नैनीताल घूमने पहुंचे थे। 13 जनवरी को नैनीताल पहुंचने के बाद वह मालरोड स्थित होटल हैप्पी होम में ठहरे थे। सोमवार सुबह करीब 11 बजे ब्रेकफास्ट करने के बाद युगल कार संख्या यूके-04टीए-3495 से लेक टूर के लिए निकले। घूमने के बाद वह दोपहर में नैनीताल-भवाली मोटर मार्ग में भूमियाधार के समीप पहुंचे। उन्होंने वहां पर फोटोग्राफी शुरू कर दी। इसी दौरान तमन्ना सड़क किनारे खड़े होकर सेल्फी लेने लगी। बताया जाता है कि उसके पैराफिट के किनारे एक सांप दिखायी दिया जिससे घबराकर वह सड़क की तरफ भागी। लेकिन उसका पैर फिसल गया और वह लुढ़कते हुए नैनीताल भवाली मोटर मार्ग से कर्णप्रयाग-ज्योलीकोट हाइवे में करीब ढाई सौ फिट नीचे जा गिरी। तमन्ना को गिरता देख उसके पति सद्दाम ने शोर मचा दिया। बाद में चालक तल्लीताल निवासी किशन सिंह पुत्र गोविंद सिंह गंभीर हालत में तमन्ना को लेकर बीडी पांडे चिकित्सालय लेकर पहुंचे। लेकिन चिकित्सकों ने तमन्ना को मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी प्राप्त होते ही सीओ विजय थापा, कोतवाल विपिन चंद्र पंत, एसएसआई बीसी मासीवाल अस्पताल पहुंच गये और मामले की पूरी जानकारी प्राप्त की। बाद में सीओ विजय थापा ने घटना स्थल का भी मुआयना किया। फिलहाल उसका शव मोर्चरी में रख दिया गया है।

नैनीताल अस्पताल में पत्नी की मौत के बाद बेसुध हुआ सद्दाम।

- दिल्ली के मंडोली गांव से शादी के महज तीन माह बाद नैनीताल घूमने आया था युगल